इसका सबसे बड़ा लाभ यथार्थ में कर्मचारी और अधिकारी, निरीक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, मानचित्रकार, बाबू,चपरासी आदि सभी को मिलेगा ही क्योंकि एक ही स्थान पर बैठकर हर कर्मचारी अधिकारी ना केवल भ्रष्ट, जालसाज, चालबाज होने के साथ निकम्मा कामचोर और मक्कार भी हो जाता है। साथ ही एक जैसे लोगों के बीच में रहकर मान सम्मान भी घटता है, जो न केबल स्वयं के लिए वरन परिवार के लिए घातक होने के साथ साथ ही विभाग सरकार और देश की सत्ता के साथ जनता के लिए भी घातक होता है। बिल्कुल वैसे ही जैसे एक जगह स्थिर जल लंबे समय में खराब हो जाता है और बहता हुआ जल सदैव स्वच्छ व उपयोगी बना रहता है वही हाल कर्मचारियों अधिकारियों का भी होता है स्थानांतरित होते रहने से अधिकारियों, कर्मचारियों कि जलवायु का परिवर्तन होने से ज्ञानवर्धन होने के साथ-साथ उनकी कार्य क्षमता भी बढ़ती और मान सम्मान भी बना रहने के साथ परिवार के सदस्यों को भी नए स्थान पर घूमने समझने का मौका मिलता है इससे सबसे बड़ा फायदा यह होता है की एक ही स्थान पर जमे रहने से हर आदमी का दिल दिमाग और बुद्धि सब जड़ हो जाते हैं। वह एक ही स्थान पर रहकर यथार्थ में जीवन का वह आनंद ही नहीं ले पाता जो अलग-अलग स्थानों पर जाकर वहां की संस्कृति सभ्यता बोली आदि को ग्रहण कर आंतरिक रूप से महसूस करता है। दूसरी ओर यथार्थ में स्थानांतरण न होने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ, जालसाजीयां तो बढ़ती ही है वरन अन्य कर्मियों को भी एक जैसे वातावरण और एक ही तरह के लोगों के साथ कार्य करने से उकताहट और बोरियत भी होने लगती है। जिससे सभी को नुकसान पहुंचता है और कुल मिलाकर इससे ही जनता सदा ही सरकारी कार्य पद्धति पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाती रहती है।

जब शासकीय नियमों में हर कर्मचारी अधिकारी का स्थानांतरण की व्यवस्था निश्चित है तो आखिर स्थानांतरण क्यों नहीं किए जाते और यही भ्रष्टाचार का मूल कारण होता है क्योंकि दीर्घ समय तक एक ही स्थान पर काम करने से कर्मचारी-अधिकारियों को भ्रष्टाचार करने का ज्यादा मौका मिलता है। जैसे पुलिस के अपराधियों से, कार्य विभागों के ठेकेदारों से, आबकारी विभाग के अवैध नस्ल की धंधा करने वालों और शराब माफियाओं से, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति में पेट्रोल पंप वालों, गैस डीलरों, राशन दुकानों, खाद्य एवं औषधि के निरीक्षकों के स्तरहीन, नकली, मिलावटी, खाद्य वस्तु, दवा व्यापारियों, उत्पादकों से, नापतोल निरीक्षकों के पेट्रोल पंप वालों, व्यापारियों, नाडोल करके बेचने वालों से मासिक वसूली कर ज्यादा धन कमाते हैं इसलिए एक ही स्थान पर जमे रहने के लिए मोटा धन खर्च कर अपने वरिष्ठों से लेकर मुख्यालय तक मोटा धन पहुंचाकर अपने आप को सुरक्षित रखने में कामयाब रहते हैं और इसीलिए वरिष्ठ अधिकारी, मंत्री सचिव प्रधान सचिव इसी लालच में उनका स्थानांतरण नहीं करते क्योंकि वे मोटा धन भेंट कर रहे होते हैं। और फिर हमारे घोर धूर्त नेताओं, मंत्रियों को जो कि 5 वर्ष के लिए चुन कर आते हैं। वे यथार्थ में प्रशासनिक व्यवस्थाओं से ना तो परिचित होते हैं न ही उन्हें सुधारना चाहते हैं। उन्हें केवल चुनाव लड़ने में खर्च धन की वसूली और आगे अधिकतम धन एकत्रित करने का प्रयास करते रहते हैं। इसलिए वे जानबूझकर मोटा धन प्राप्ति के बदले अधिकांश कर्मचारियों-अधिकारियों का स्थानांतरण करने से परहेज करते रहते हैं। इंदौर के ही खाद्य व औषधि विभाग में बैठे खाद्य व औषधि निरीक्षकों ने अपना स्थानांतरण रोकने के लिए रुपए 25 से 50 लाख तक मंत्री को पहुंचा कर 10 10 वर्ष से एक ही स्थान पर टिके रह कर न केवल इंदौर जेसे नगर में मोटी महीना वसूली कर खूब नकली मिलावटी स्तरहीन खाद्य पदार्थों व औषधियों के उत्पादन और बिक्री को बढ़ावा दें रहे हैं। यही हाल शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यानिकी, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग, आबकारी, वाणिज्य कर, महिला बाल विकास, पुलिस, वन, नारकोटिक्स, श्रम, जिला पंचायत, ग्रामीण विकास, ग्रामीण यांत्रिकी खनिज विभाग, जिलाधीश कार्यालय, न्यायालय विभाग, नगर निगम, पालिका, परिषदों, विकास प्राधिकरणों, सहकारिता, मंडी, उद्योग एवं वाणिज्य, नगरी प्रशासन, नगर एवं ग्राम निवेश, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, मध्य प्रदेश सड़क डकैती निगम में 5 वर्षों से ज्यादा समय से इंदौर में बैठा संभागीय परियोजना यंत्री बोरासी, जो एक साथ 2 पद संभाल रहा है और 15 जिलों की बी ओ टी सड़कों को देख रहा है। सभी ठेकेदारों से मोटी वसूली कर गड्ढे भरी स्तरहीन सड़कों पर, जनता को लूटवा कर टोल वसूली करवा रहा है। क्योंकि सबको पैसा पहुंच रहा है। इसलिए मंत्री रामपाल सिंह प्रधान सचिव आजमगढ़ीया सुलेमान खान, सड़क डकैती विकास निगम का प्रबंध संचालक ।मनीष रस्तोगी तक मुंह में मोटा भ्रष्टाचार का धन दबा कर सब चुप बैठे हैं। और बदले में जनता सड़कों पर टोल चुकाकर भी स्तरहीन गड्ढे वाली सड़कों पर अपनी जान हथेली पर रखकर यात्रा करने के लिए मजबूर है यही हाल हर विभाग का है। जहां चारों तरफ भ्रष्टाचार का तांडव हो रहा है वहां निकम्मा और भ्रष्ट मुख्यमंत्री शिवराज मोटी वसूली कर अपने ही अधिकारियों की कठपुतली बन उनके इशारों पर नाच रहा है। सरकार दिवालिया हुई जा रही है।कर्मचारियों अधिकारियों के वेतन बांटने के लिए धन नहीं है ।और वह लोक लुभावन घोषणाए करने में जनता को भ्रमित कर जीवन का घोर आनंद प्राप्त कर रहा है। उसे शासन-प्रशासन और जनता के दुख दर्द से कोई मतलब कभी नहीं रहा। नि;संदेह जनता के बीच खड़े होकर उनके मन की बातें बोलकर उन्हें बहलाकर 12 साल से सत्ता पर काबिज अवश्य है।

चुनाव आयोग में जब यह नियम है कि कोई भी अधिकारी कर्मचारी जो चुनाव में अपनी सेवाएं देता है 3 वर्ष से ज्यादा समय से एक ही स्थान पर नौकरी न कर रहा हो। जिससे राजनीतिक स्तर पर वह कर्मचारी अधिकारी किसी भी नेता का समर्थन या विरोध न कर सके और चुनाव निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके। पर इसके विपरीत स्थानीय स्तर पर प्रदेश सरकार में बैठे धूर्त अधिकारी और मंत्री मुख्यमंत्री जानबूझकर कर्मचारियों और अधिकारियों का इसीलिए स्थानातरण नहीं करते हैं।पहला ताकि उन्हें मोटा चुनावी चंदा मिलता रहे, दूसरा वह आसानी से चुनाव के समय मतदान में इच्छा अनुसार गड़बड़ी कर उन्हें जिताने में सहयोग करें। तीसरा उन्हें खुश रख कर ही चुनाव में मतदान से लेकर गिनती तक में आसानी से सहयोग लेकर चुनावी वैतरणी पार की जा सके जैसा कि पिछले तीन लोकसभा विधानसभा वह नगरीय निकायों के चुनाव में होता चला आ रहा है। यह कहना यथार्थ में येन केन प्रकारेण पूर्ण जालसाजी से चुनावी वैतरणी को पार करने के लिए आवश्यक है, कि पुराने अधिकारियों कर्मचारियों को उन्हीं के नौकरी के स्थान पर जमें रहने दिया जाए।वर्तमान में मध्यप्रदेश में 70% से ज्यादा कर्मचारियों, निरीक्षकों ने एक ही स्थान पर 5 से 15 सालसे ज्यादा पूरे कर लिया है यही हाल 50% प्रथम, द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों इंजीनियरों, डॉक्टरों, सहायक संचालक, सहायक व उपायुक्तों, संयुक्त आयुक्तों आदि के पदों पर बैठे शासकीय अधिकारियों का भी है। नियमित रूप से स्थानांतरण होने की बात तो दूर चुनाव के समय में भी इन अधिकारियों ने 2-2 लोकसभा विधानसभा नगरीय निकायों के चुनाव भी एक ही स्थान पर बैठकर और अपने और राजनीति आकाओं की सेवा करते और दोनों हाथों से वसूली करते हुए गुजार दिए हैं। निःसंदेह उनके एक ही स्थान पर बैठे रहने के बदले भ्रष्टाचार से कमाए मोटे धन से अपने वरिष्ठों से लेकर विभागीय मंत्री सबको यथा योग्य मोटी भैंट का चढ़ावा समर्पित किया है। स्वाभाविक है ऐसी दूध देती गायों को कौन हटाकर दूध मक्खन मलाई घी के सेवन से वंचित होना चाहेगा। फिर चुनाव आयोग के आयुक्त कोई देव पुरुष तो नहीं।जो साधु सन्यासी है और भूखे सोते हैं। फिर केंद्र व राज्य सरकार उन्ही अपने खास भ्रष्ट भारतीय प्रताड़ना सेवा के कार्यरत, या सेवानिवृत्त अधिकारियों को इसीलिए ही बैठाती है।जो आंख मीच कर हर तरह से सरकार को जिताने के लिए सब कुछ कर गुजरने, नियम-कानूनों को बलाये ताक रख कर, विरोधियों व अन्य उम्मीदवारों को कदम कदम पर परेशान करने, हड़काने, डराने, धमकाने, कानूनों में उलझाकर उम्मीदवारों को काम व प्रचार न करने देने, उनके साथियों के और स्वयं उम्मीदवारों के फोन मोबाइल टेप करने,निगरानी करने लगती है। लोगों को चुनाव आयुक्त पद पर बैठाता है। अपने आकाओं के इशारे पर सरकार का यह कहना यह सिद्ध करता है कि केवल प्रशासनिक अधिकारियों का ही जिलों से स्थानांतरण किया जाएगा बाकी अन्य कर्मचारी अधिकारी से लेकर चपरासी तक जो सभी चुनावी कार्यों में मतदान से लेकर गिनती तक अपनी पूर्ण सेवाएं चुनाव कार्य में देते हैं, का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। सिद्ध करता है कि इस बार भी सरकार पूर्व के तीन चुनावों की तरह जिसमें चुनाव आयोग में बैठे आयुक्त से लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त दिल्ली तक सब को मोटा धन सत्तारूढ़ पार्टियां चुपचाप अरबों में पहुंचा देती हैं। इसलिए राज्य चुनाव आयुक्तों, मुख्य आयुक्त सभी ने मोटा धन हजम कर सरकारों की बातों को चुपचाप स्वीकार कर लिया। ताकि चुनाव आसानी से जीते जा सकें।

साप्ताहिक समय माया

मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल लूट मची है लूट सके तो लूट अंतकाल पछताएगा प्राण जाएंगे छूट

प्लॉटधारकों से पूरी वसूली करने के बाद मंडल का पुन: निर्माण का तांडव

मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल वैसे तो अपनी स्थापना से लेकर वर्तमान तक अपनी जालसाजियों व भ्रष्टाचार पूर्ण कार्यशैली के माध्यम से उच्च, मध्यम व निम्न आवासीय, व्यवसायिक और औद्योगिक श्रमिकों के आवास की योजनाओं को बनाने, किसानों से व अन्य लोगों भूमि धारकों से, भूमि अधिग्रहण करने, उसका भुगतान करने में, उसके नक्शे में हेरफेर करने, प्लाटों की बिक्री, आवंटन, कॉलोनी और भवनों के विकास, निर्माण के निविदा जारी करने, ठेकेदारों से घटिया स्तर का काम करवा कर, उसमें कमीशन का मोटा धन हजम करने के साथ ही, फिर बिलों के भुगतान में बसूली, आवंटित भवनों, प्लॉटों की एक मुश्त बिक्री या उसकी किस्त वसूली, रखरखाव, जल आपूर्ति व निकासी, विद्युत आदि में हर कदम जालसाजियों और भ्रष्टाचार से जहां जिसको जैसा धन मिलता है हजम करता ही है, यही कारण है कि भ्रष्टाचार से धन कमाने, जालसाज बाबूओं, उपयंत्रियों, सहायक यंत्रियों, कार्यपालन यंत्रीयों, संपदा प्रबंधकों आदि सभी अधिकारियों को जो भ्रष्टाचार से मोटा धन कमाते हो 15 से 20 वर्ष तक स्थान पर संरक्षित किया जाता है। उनके 3 वर्ष के बाद स्थानांतरण होने चाहिए चाहिए। जो कि 15 से 20 वर्ष बाद भी नहीं होते। इंदौर में उपयंत्री मनोज श्रीवास्तव, मनोज तिवारी शिवाले, आदि जो अभी कार्यपालन यंत्री के प्रभार संभाल रहे हैं । यहीं पर उपयंत्री से पदोन्नत होकर सहायक यंत्री और सहायक यंत्री से प्रभारी कार्यपालन यंत्री हैं। जो बरसों से इंदौर में रहकर भारी भ्रष्टाचार कर करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं। जिनका भ्रष्टाचार के धन मिलते उपायुक्त वाईएस दौहरे पूर्ण संरक्षण करते हैं। जबकि यह शूकरों की फौज को संपदा प्रबंधक, वहां पर बरसों से कुंडली मारे बैठे बाबू संपदा अधिकारी के साथ दो सुरक्षा सैनिक अफाक व एक अन्य जो जप्त किए ताले लगे भवनों की देखरेख के लिए हैं। स्वयं ही ताले तोड़कर पैसे लेकर कब्जे करवाते रहते हैं। इंदौर नगर में 100 से ज्यादा कॉलोनियों की, मंडल की संपत्तियों की सुरक्षा और देखरेख का जिम्मा इन्हीं दोनों सुरक्षा सैनिकों पर है। इंदौर में ही अभी राजेंद्र नगर, राउ आदि में में ही अनेकों कॉलोनियों का कार्य चल रहा है। अभी सबसे बड़ा टेंडर होप मिल की जमीन पर 16 मंजिला भवन का होने वाला है जिसमें अरबों रुपए का निर्माण कराना है। इसके टेंडर में भी काफी लेनदेन और भ्रष्टाचार की खबरें हैं। इंदौर संभाग के उपायुक्त के पास वर्तमान में सनावद, बड़वाह, खंडवा, बुरहानपुर, झाबुआ, धार, पीथमपुरं आदि में सैकड़ों कॉलोनीयों के निर्माण कार्य, प्लाटों, भवनों के आवंटन, बिक्री आदि में भी भारी जालसाजियां कर सभी मोटी कमाई दोनों हाथों से कर रहे हैं। निसंदेह यह धन उपयंत्रियों, सहायक यंत्रियों, संपदा अधिकारियों, कार्यपालन यंत्रीयों उपायुक्त दोहरे से होता हुआ आयुक्त रविंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष मोघे, प्रधान सचिव विवेक अग्रवाल, मंत्री माया सिंह से मुख्यमंत्री तक पहुंचता है। इन गिध्दों की इस नोच खसोट से से पेट नहीं भरा तो तो इन्होंने जो पुरानी कालोनियां और भवनों जो कि 30-40 साल बाद वे भवन और कॉलोनियां अब नगरों की आत्यधिक व्यावसायिक क्षेत्रों के बीच में आ जाने से इन अधिकारियों की लार और नियत उन भवनों पर और कॉलोनी पर लग गई अब उन्हें यह तोड़कर नई बहुमंजिला इमारतें बनाने और बेचने में अरबों रुपए का

भ्रष्टों मंत्री माया सिंह प्रधान सचिव विवेक अग्रवाल, अध्यक्ष कृष्ण मुरारी मोघे, सचिव एवं आयुक्त रविंद्र सिंह से लेकर मुख्य अभियंता, नीचे सभी कार्यालयों के उपायुक्त, से उपयंत्री और बाबू चपरासी सुरक्षा सेवक, तक सब शामिल है आवासियों और आवास की आस में खड़ी जनता को लूटने के लिए

धन हजम करना चाहते हैं इसलिए इंदौर के ही पुरानी निम्न आय वर्ग की तिमंजिला का कॉलोनियों को जो कि एल आइ जी तिराहे ए बी रोड पर हैं। उन्हें तोड़ कर वहां के रहवासियों को अलग हटाकर अपनी इच्छा को पूर्ण करना चाहते हैं। जब मंडल ने तिमजिला भवनों में मकानों की रजिस्ट्री कर दी, अधिकांश से पूरा पैसा वसूल लिया, तो फिर तोड़ने का अधिकार बिना मर्जी के कैसा? वैसे ही वे सारे भवन निम्न आय वर्ग के लोगों ने अपनी जीवन की सारी जमा-पूंजी से, किश्ते भर कर बड़ी मुश्किल से अपने नाम करवाए थे और अब यह भ्रष्टों और जालसाजों की फौज उन गरीबों से मकान हथियाकर सड़क पर खड़ा कर देना चाहता है इस चक्कर में एक गरीब विधवा महिला की दहशत में हीं मौत हो गई। जिसकी जिम्मेदारी कोई ने नहीं ली दूसरी तरफ रहवासियों ने इसके विरुद्ध आंदोलन भी किया।

निसंदेह इन भवनों का रखरखाव का पैसा यहां पर बैठे हरामखोर उपयंत्रियों रूपी गिध्दों जो वर्तमान में कार्यपालन यंत्री पद का बोल प्रभार रहे हैं, ने रखरखाव कागजों पर ही दिखा कर कर हजम कर लिया जिससे इन भवनों की हालत गंभीर हो गई है और कहीं छत का कंक्रीट टपक और उखड़ रहा है। तो कहीं दीवानों का प्लास्टर टपक रहा है। अधिकांश भवनों में दीवानों छतों पर दरारें आ चुकी है। जिनकी तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है।

मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल जिसकी मध्यप्रदेश में लगभग 10000 से ज्यादा कालोनिया, बहुमंजिला इमारतें, व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स हैं। सबसे ज्यादा कालोनियां, फ्लेट, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में दुकानें कार्यालय आदि का आवंटन व बिक्री सबसे ज्यादा भोपाल में हुई वहां इनके तीन कार्यपालन यंत्री बैठते हैं। इन सभी के विकास और निर्माण में पूरे प्रदेश में बैठे उपयंत्रियों, सहायक यंत्रियों, कार्यपालन यंत्रीयों, अधीक्षण यंत्री मुख्य अभियंता जो कि इन योजनाओं विकास और निर्माण के सूत्रधार थे, उपायुक्तों से लेकर आयुक्तों, अध्यक्ष प्रधान सचिव व मंत्री सबने भ्रष्टाचार में करोड़ों की कमाई की है। वैसे तो सभी निगमों और मंडलों में शुरु से ही अपनी जालसाजियो और भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा है। इस मंडल में भी जो कि भूमि अधिग्रहण, कॉलोनी की डिजाइन तैयार करने, कॉलोनी के प्लॉट बेचने, प्लॅट काटने, प्लाटों के आवंटन, आदि में ही भारी भ्रष्टाचार होता है गरीब और निम्न आय वर्ग मध्यम वर्ग के लिए स्वयं ही बहुमंजिला इमारतों में फ्लैट बनाकर किश्तों में बेचता है। फिर किश्तों की वसूली में, विलंब में ब्याज की वसूली, वसूली पूरी हो जाए इसके बाद उनके पंजीयन नामांकन अंतरण आदि में भी वहां बैठा हुआ स्टाफ बाबू से लेकर उपयंत्री सहायक यंत्री कार्यपालन यंत्री सहायक आयुक्त उपायुक्त आयुक्त से लेकर मंत्री तक, प्लॉट धारी और मंडल में मकान धारी जनता को परेशान कर दोनों हाथों से, कदम कदम पर वसूली की जाती है। इसके साथ ही उन मकानों का रखरखाव के नाम चौकीदार से लेकर उपयंत्री सहायक यंत्री कार्यपालन यंत्री अधीक्षण यंत्री, प्रमुख अभियंता सभी के नियमित कमाई का साधन होते हैं और रखरखाव के नाम पर सारा धन हरामखोरों की फौज रहवासी जनता को गिध्दों की तरह नोचकर भी कभी पूरा नहीं करती। यह कहानी और सच गृह निर्माण मंडल कॉलोनाइजरों का 60 साल पुराना है। वर्तमान में यहां बैठे धूर्तो की फौज ने अब एक नया तरीका निकाला जिसके अंतर्गत, जो कालोनियां बहुमंजिला इमारतें गृह निर्माण मंडल ने बनाई थी। बरसों पुरानी इन कालोनियों और बहुमंजिला इमारतों की समय गुजरने के साथ और बस्ती के सघन विकास के कारण उनकी कीमतों में सौ गुना तक वृद्धि हो गई। जिसे देख कर मंत्री आवास अध्यक्ष कृष्ण मुरारी मोघे के साथ मुख्य अभियंता और आयुक्त सबके मुंह में मुंह में पानी था कि किस प्रकार से इन बस्तियों के रहवासियों को, डरा धमका कर, लालच देकर, पहले इन बस्तियों को उजाडा जाए, फिर इन जमीनों पर आधुनिक किस्म की चकाचौंध वाली नई इमारतों को खड़ा किया जाए और उनकी कई गुना कीमत ज्यादा वसूल की जाएउसी कहानी को पुनः दोहराया जाए और अपने खास लोगों को ऐसी बेशकीमती जमीन पर बैठा दिया जाए। यह हाल पूरे मध्यप्रदेश की जहां पर उद्योगी करण के कारण भारी विकास हुआ और वहां कार्यरत उद्योगपतियों से लेकर मजदूरों तक को आवास की समस्या आई वहां सभी जगह इस मंडल ने जो कालोनियां और भवनों के 50 वर्ष पूर्व काटीं वह निर्माण किए थे उन सभी पर मंडल के प्रबंधन की नजरें गड़ी हुई है ताकि पहले तोड़ने में, फिर निर्माण कार्य में, आवंटन और बिक्री में सैकड़ों करोड़ में मोटा लाभ हो सके।

इसके संबंध में मंडल ने रहवासियों को चमकाने-धमकाने, और हटाने की मानसिकता तैयार करने के लिए दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से पहले भूमिका बांधने उन भवनों की जरजर्ता के बारे में लगातार समाचार छपवाए, फिर लालच दिया गया की जब तक निर्माण कार्य होगा तब तक रहवासियों को मंडल किराया देगा और फिर उन्हें नए बने फ्लेटों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा जबकि यथार्थ यह है कि एक बार खाली करवाने के बाद मंडल साल 2 साल का किराया देगा जिस में भी भारी भ्रष्टाचार होगा. फिर जानबूझकर दो-तीन साल के बाद किराया देना बंद कर दिया जाएगा, धन ना होने का रोना रोया जाएगा. दूसरी तरफ नये निर्माण के नाम पर जानबूझकर डिजाइन ड्राइंग डीपीआर तैयार करने में समय लगाया जाएगा उसमें भ्रष्टाचार होगा, अरबों रुपए के निर्माण के टेंडर होंगे. डीपीआर दोगुनी से चार गुनी लागत की होगी, उसमें मोटी वसूली होगी, फिर निर्माण कार्य, डीपीआर के अनुसार ना किया जा कर स्तरहीन करवाया जाएगा जिसमें करोड़ों की वसूली होगी, बिलों के भुगतान में नौटंकी की जाएगी, यह करते-करते और भवन निर्माण की परियोजना पूरी होते होते ही पूरे प्रदेश की ऐसी 1000 सेज्यादा कॉलोनीयों 10-20% लोग मर ही जाएंगे जिनके भवनों की आवंटन-बिक्री में भी तात्कालिक यंत्रियों और अधिकारियों की मोटी कमाई हो जाएगी बेशक उसने मंत्रियों सचिवों को भी मोटा लाभ मिलेगा।

कृत्रिम बुद्धिमता भविष्य में घातक हो सकती है पूरी पृथ्वी पर

छोटी सी चूक नष्ट कर देगी पूरी पृथ्वी को, निःसंदेह तानाशाही के लिये आवश्यक

ज्यादा यंत्रों का उपयोग जैसे मानव को निरुपयोगी और आलसी बना रहा है वैसे ही कृत्रिम बुद्धिमता मानव की सभ्यता को खत्म करने का खेल कर सकती है

वर्तमान में अमेरिका चीन फ्रांस रूस ब्रिटेन के साथ भारत में भी कंप्यूटराइज मानव यंत्र रोबोटिक्स और उन्हें संचालित करने के लिए स्वतंत्र रूप से कृत्रिम बुद्धिमता पर काम करना सिखाया जा रहा है ताकि विस्तृत रूप से अपने कार्यों को संपन्न कर सकें जिसमें मानवीय संवेदनाएं, भावनाएं, मानव की चिकित्सा हेतु जटिल और सूक्ष्म अंगों की शल्य क्रिया करने की लेसर प्रक्रिया को कृत्रिम बुद्धिमता से संचालित रोबोट्स संपन्न करेंगे इसी प्रकारअन्य जटिल तकनीकी, सुक्ष्म यांत्रिकी, नैनो टेक्नोलॉजी, सड़कों पुलों के निर्माण भवनों, बांधो, नहरो जिन के निर्माण से लेकर, अत्यधिक उच्च व निम्न तापमान में, जटिल परिस्थितियों में काम करने के लिए इस कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त रोबोट्स उन कार्यों को संपन्न करेंगे। यह रोबोट्स कृत्रिम बुद्धिमत्ता का धनात्मक पहल हुआ जो कि मानव के जटिल कार्यों को संपन्न कर मानव के जीवन को खुशहाल बनाएगा इसके विपरीत भविष्य में या युद्ध के मैदान में बिना मनुष्य के के हथियारों टेन्को, तोपो, को संचालित किए भी मशीन गन, लेसर गन, व अन्य हथियार देकर ऐसे ही कृत्रिम बुद्धि से संचालित रोबोट्स युद्ध के मैदान में चुन-चुन कर बिना किसी मानवीय सहायता और नियंत्रण के दुश्मन के ठिकानों को नष्ट करते करते स्वयं ही थोड़ी सी चूक होने पर अपने ही मालिक पर हमला करने और उसे नष्ट करने से भी नहीं चूकेंगे। यहां तक तो ठीक था। पर जब इनके नियंत्रण में परमाणु हथियार, रासायनिक हथियारों, को अपनी बुद्धिमता से उपयोग करने की स्वतंत्रता होगी तब यह सब पृथ्वी को नष्ट करने में भी नहीं चूकेंगे। क्योंकि इन्हें इस बात से कोई मतलब नहीं होगा कि इनकी चातुर सीमा का उपयोग किस प्रकार से वातावरण, मानव के अतिरिक्त अन्य जीवो, वनस्पतियों, पेड़ पौधों, पशु पक्षियों के साथ वातावरण को भी नष्ट कर देगा।

ठीक है निर्माताओं ने भी इसे काफी सोच समझकर और सभी बातें ध्यान में रखकर निर्मित किया है। ताकि जटिल कार्यो को स्वतंत्र रूप से यूरो कोट्स संपन्न कर सकें और मानव जीवन को आसान बना सके पर इसके विपरीत होगा यह की बड़ी-बड़ी व्यवसायिक कंपनियां अपने मोटे लाभ के लिए और कर्मचारियों-अधिकारियों के वेतन के बोझ से बचने, उनकी मानवीय आवश्यकताओं को पूरा करने, मानवीय सीमा से परे काम लेने के लिए रोबोटिक्स का उपयोग अपने उत्पादन करने के लिए, भारी भरकम जटिल कर्म करने के लिए करेंगी। परंतु भविष्य में इससे बेरोजगारी बढ़ने के साथ,

व्यवसायिक कंपनियों, सरकारों में उनके मंत्रियों, अधिकारियों में अपनी श्रेष्ठता, एकाधिकार और वर्चस्व के लिए इस कृत्रिम बुद्धिमता के के माध्यम से आपसी प्रतिद्वंदिता, एकाधिकार की जंग होगी। यही जंग बाद में जब विशाल रूप लेगी। तब ना कुछ जनता को समझ में आएगा और ना ही अन्य अधिकारियों मंत्रियों कर्मचारियों को कुछ समझ आएगा। जिससे तानाशाही और एकाधिकार बढ़ेगा और अंत में जनता का ही सर्वनाश होगा। यथार्थ में कृत्रिम बुद्धिमता का उपयोग संचार माध्यमों में कर जनता के साथ अपने अड़ोस-पड़ोस के अधिकारियों कर्मचारियों मंत्रियों की निगरानी कर उनको स्वचालित रोबोट के माध्यम से ही नष्ट करने और अपना एकाधिकार स्थापित करने में तानाशाह सफल रहेंगे डाटा मोबाइल फोन ईमेल कंप्यूटर पर किए गए कार्य, खरीदी, बिक्री, भुगतान, आदि के हर कार्य से यह कृत्रिम बुद्धिमता हर चीज को हर तथ्य को अपने आप देखकर कुछ ही मिनटों में आकलन कर अपने संचालक को सूचित कर तत्काल कार्यवाही करने में सक्षम होंगे। इसलिए हमारे मोदी अपने आप को अत्यधिक चतुर और चालाक समझ इस कृत्रिम बुद्धिमता का उपयोग करने भारत में जनता का अरबों रुपए खर्च करने को तैयार हैं ताकि विरोधी पार्टियों, जनता की हर गतिविधियों पर आसानी से नजर रख उन्हें तत्काल नियंत्रित किया जा सके और अपना तानाशाहीपूर्ण शासन दीर्घकाल तक चलता रहे। धन संग्रह, धन की प्राप्ति, उपयोग आदि के बारे में तत्काल जानकारी एकत्रित कर आयकर विभाग को जागरुक कर छापेमार कार्रवाई आदि करने में इस कृत्रिम बुद्धिमता का उपयोग कर जनता को नोचा-खसौंटा जा सके और अपने मौज मस्ती, अपने ऐशो-आराम के लिए आसानी से धन एकत्रित कर लुटाया जा सके। इसलिए यह मूढ मोदी अपने अधिकारियों की सलाह पर कृत्रिम बुद्धिमता के उपयोग को बढ़ाने के लिए भारी धन खर्च कर रहा है निसंदेह इसका फायदा हमारी चीन से लगती हुई 4200 किलोमीटर लंबी, पाकिस्तान से 16 किलोमीटर लंबी और समुद्र की 7600किलोमीटर लंबी सीमा पर शत्रु पर निगरानी, नियंत्रण और संभावित युद्ध के खतरे को कृत्रिम बुद्धिमता युक्त रोबोट से करने में आसानी होगी जिसमें सदा ही मानवीय चूक होती आई है। वर्तमान में कश्मीर के हालातों को देखते हुए वहां पर आतंकी गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता से ही युक्त रोबोट्स बेहतर कार्य करते हुए तत्काल ही आतंकियों, पत्थर फेंकने वालों, गोलियां चलाने वालों, पुलिस और सेना के साथ मारपीट करने वालों को नियंत्रित करने में बेहतर भूमिका निभाएगा, यह भी सच है।

सभी शासकीय कार्यालय स्मार्ट बनाने के नाम हो रही करोड़ों की बंदरबांट

लोक निर्माण विभाग में चल रहा वसूली का खेल और अधिकारी पी रहे हैं जनधन का तेल

प क्रि इ मैं चुन-चुन कर बैठाये गए भ्रष्ट संभागीय परियोजना यंत्री, सहायक संचालक यंत्री, अतिरिक्त संचालक, संचालक 90% शासकीय कार्यालयों, अस्पतालों, स्कूलों, छात्रावासों, स्टेडियम, आदि के निर्माण में कर रहे हैं। मूल डिजाइन बदलकर कर रहे, घोर भ्रष्टाचार, सेतु संभागो में भी किसी भी पुल का निर्माण निर्धारित लागत और समय अवधि में भ्रष्टाचारी कारण कभी नहीं होता। इसलिए हरामखोर जवाब नहीं देते सूचना के अधिकार के पत्रो का

मध्य प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के किस्से कहानियां हर दिन अखबारों की सुर्खियों में रहते हैं फिर भी बहुत सारे समाचार सामने नहीं आ पाते। कुछ समय पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने चहेते प्रधान सचिव आजमगढ़िया, धूर्त, अय्याश, सुलेमान खान को पुनः लोक निर्माण विभाग में बैठा दिया है। अर्थात भ्रष्टाचार का पुराना इतिहास पुनः दोहराया जाएगा यह तो स्पष्ट किया है। स्वयं मुख्यमंत्री ने प्रदेश की लगभग 27000 किमी सरकारी और 20000 किलोमीटर बीओटी सड़कें दयनीय स्थिति में है। पर सरकार के हरामखोर प्रधान सचिव सुलेमान, मंत्री रामपाल सिंह को ना केवल विभाग से महीना मिल रहा है वरन उसके अनुषांगिक संगठनों रोड डकैत कारपोरेशन के बीओटी के टोल वसूली के ठेकेदारों से भी करोड़ों में महीना मिलने के कारण वह आंखें नीचे बैठे हुए हैं। बी ओ टी की सड़कों पर तो ठेकेदार टोल वसूली भी हर साल बढ़ाकर करता है और रखरखाव के नाम पर दचके, गड्ढे, जानलेवा बनावट और संरचना हर दिन सैकड़ों दुर्घटनाओं और लोगों की मौत का कारण बनती है। फिर प्रदेश के 55 से ज्यादा संभागों में अधिकांश में महीना वसूली के लिए सहायक यंत्री को ही कार्यपालन यंत्री का प्रभार देकर बैठा दिया गया है। स्वाभाविक है कि वह कार्यपालन यंत्री अपने अधीक्षण, मुख्य अभियंता, पदस्थ करने वाले प्रमुख अभियंता अखिलेश अग्रवाल, प्रधान सचिव मंत्री को महीना पहुंचाएगा तो उसे भ्रष्टाचार तो करना ही पड़ेगा आखिर वह धन कहां से लाएगा?

बेशक सुलेमान ने आते ही अपनी धाक जमाने के लिए कुछ प्रमुख अभियंताओं जिसमें इंदौर के मनोज पौराणिक, उज्जैन के एम पी सिंह को फटकार भी लगाई थी कि वह अपने कमीशन के लिए जानबूझकर निविदाओं को रोक के रखते हैं। हाल फिलहाल अधीक्षण यंत्रीयो और प्रमुख अभियंताओ के पदों पर अधिकांश भ्रष्टों को ही प्रभार देकर पदस्थ कर दिया गया है जिसमें सिहस्थ उज्जैन के अधीक्षण यंत्री बागोले को ग्वालियर का प्रमुख अभियंता का पदभार दिया गया है जिन्होंने सिहस्थ के कार्यों में भारी मोटी कमाई कर सबको खुश किया था और बदले में महा धूर्त कार्यपालन यंत्री केलकर जिस पर पूरे मध्यप्रदेश में जितने संभागों में काम किया भ्रष्टाचार के अनेकों प्रकरण लंबित है इनकी जांचें अभी भी फाइलों में धूल खा रही हैं। बंदा मोटा धन हजम कर सेवानिवृत्त हो चुका है। जिसने सिन्हस्थ मे लगभग रुपए12सौ करोड़ के काम में लगभग रु400 करोड़ का भ्रष्टाचार किया, जिसका हिस्सा अधीक्षण यंत्री मुख्य अभियंता प्रमुख अभियंता प्रधान सचिव मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री से लेकर केंद्रीय मंत्री राजनाथ तक पहुंचा सभी को हिस्सा डकार कर चुप होने के साथ ही जांच की बात तो दूर विपक्ष की सारी बातों को, सारे आरोपों को नजरअंदाज कर उल्टे ही मुख्यमंत्री ने सब को पुरस्कार बांटे।

वर्तमान में भी पूरे प्रदेश के 60 ज्यादा संभागों में जो कि सभी शासकीय विभागों की 5000 कार्यालयीन, इसमें प्रदेश के 3 उच्च न्यायालय, जिलों और तहसीलों के न्यायालयों, 10 कमिश्नर कार्यालयों, 51 जिलों के जिलाधीश कार्यालयों, उनसे संबंधित 50से ज्यादा अन्य कार्यालयों के भवनों, प्रदेश एक लाख से ज्यादा प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों, 5000 से ज्यादा महाविद्यालय आदि के भवनों की देखरेख के साथ उनके आवासों और रखरखाव की जिम्मेदारी भी इन्हीं लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री उपयंत्री से लेकर बड़े बाबू छोटा बाबू के हाथ में ही होती है। जिसका पुताई, रंग रोगन, दरवाजे खिड़कियों, छतों दीवारों प्लास्टर, टूट-फूट आदि का 70% पैसा अपने खास ठेकेदारों के साथ मिलकर हजम कर लिया जाता है। निसंदेह इस पैसे को अधीक्षण यंत्री मुख्य अभियंता प्रमुख अभियंता प्रधान सचिव मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंचाना पड़ता है। पिछले कुछ वर्षों से स्मार्ट सिटी, स्मार्ट ऑफिस के नाम पर हर कार्यालय को प्रति माह कार्यालय के भवन के अनुसार लाखों रुपए का आवंटन का पैसा कार्यालय प्रमुख को दिया जा रहा है। जिसमें पुताई, फर्नीचर, फर्श पर टाइल्स, शौचालय आदि के 90% फर्जी बिलों के भुगतान को ठेकेदारों के साथ मिलकर कार्यपालन यंत्री लोनिवि हिस्सा बांट में हजम करते हैं यह कहानी, यह सच पूरे मध्य प्रदेश अधिकांश शासकीय विभागों का है। जबकि कार्यपालन यंत्री के पास जिले की 1,000 किलोमीटरसे ज्यादा सड़कें, नए छोटे भवनों का निर्माण कार्य आदि भी होता है। अधिकांश बार सूचना के अधिकार में जानकारी मांगने पर यहां के प्रमुख अभियंता जो कि अपने परिक्षेत्र के सारे संभागों के कार्यपालन यंत्री पर नियंत्रण व देखरेख का कार्य करते हैं, जिनसे उन्हें महीना मिलता है अधिकांश उन्हें बचाने का प्रयास भी करते हैं इसलिए ये हरामखोरों की फौज कभी भी पूरी जानकारी नहीं देती यहां तक की कई मुख्य अभियंता कार्यालयों में बैठे वहां के बाबू धारा 6(3) में कार्यालय में न होने पर पत्र को अंतरित तक नहीं करते बेशक पूरे मध्यप्रदेश में लोक निर्माण विभाग के कार्य विभाग के मैनुअल केअनुसार अधीक्षण यंत्री और कार्यपालन यंत्रीयों के महीने भर की टूर डायरी, निजी टैक्सियों की जिनके टेंडर किराए पर लेने के लिए मुख्य अभियंता कार्यालय से होते हैं। लॉग बुक देने से साफ मना कर दिया जाता है। यही हाल मुख्य अभियंता को महीने में कम से कम 10 निरीक्षण कार्यों के करना आवश्यक होते हैं उसकी जानकारी भी नहीं दी जाती क्योंकि सबको बचा कर चलना है। ताकि उनसे महीना मिलता रहे। झाबुआ में बैठे कार्यपालन यंत्री जयसवाल सूचना का अधिकार के पत्रो का समय पर जवाब देते हैं। न हीं ये हरामखोर अपील लगाने पर कभी अपील की सुनवाई में उपस्थित होता है। विभाग में इसके हरामखोरी, जालसाजी के और वरिष्ठों के निर्देशों का पालन न करने के नियमित प्रकरण सामने आते हैं। बेशक भ्रष्टाचार से मोटी कमाई करने के कारण यह पैसा सीधा प्रमुख अभियंता अखिलेश अग्रवाल को पहुंचा कर उनसे छोटे अधिकारियों की परवाह नहीं करता।

वर्तमान में लोनिवि विभाग में सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूलों, महाविद्यालयों, अस्पतालों, खेल प्रशालों, छात्रावास भवनों के निर्माण कार्य के लिए अलग परियोजना क्रियान्वयन इकाई का गठन जो 5 वर्ष पूर्व हुआ था । इसमें वे सारे घोर भ्रष्ट इंजीनियर जो विभाग के लिए काफी सिर दर्द बने हुए थे। उन्हें ही इस इकाई में पदस्थ किया गया। इंदौर में बैठा हुआ खरात जोकि अधीक्षण यंत्री सह सहायक संचालक परियोजना क्रियान्वयन इकाई है लोक सूचना अधिकारी होने के कारण हरामखोर सूचना का अधिकार में हुए पत्रो के जवाब नहीं देता साथ अपनी कार्यपालन यंत्री सह संभागीय परियोजना यंत्रीयों के हर कदम किये हुए भ्रष्टाचारों स्वीकृत डिजाइन से भवन के वास्तविक निर्माण में किए गए बदलावों में उसे भारी भ्रष्टाचार से भारी धन कमाया जा सके। फिर उनकी निर्माण निविदाओं मैं अपना कमीशन वसूलने के साथ, निविदाओं की स्वीकृति देने में ठेकेदार से वसूली के बाद भी निर्माण कार्य में स्तरहीन निर्माण दरवाजे, खिड़कियां, दिवालो के प्लास्टर, छतों की भराई, के साथ फाउंडेशन की खुदाई और भराई के साथ निकले हुए मलवे जिसमें मिट्टी पत्थर के लीड अर्थात उन्हें फेंकने में भी भारी लंबी दूरी का भुगतान करता है जिसमें उसने ठेकेदारों को अपने भ्रष्ट शुकरों की फौज कार्यपालन यंत्री या संभागीय परियोजना यंत्री को भारी लूट का मौका दिया ।

जिसमें उसने स्वीकृत लागत से ज्यादा कि भुगतान स्वीकृति प्रदान कर अपना हिस्सा भी बटोरा। यह हाल इंदौर परिक्षेत्र में आने वाले 12 संभागों का था। इसलिए यह हरामखोर न तो सूचना के अधिकार के आवेदन का जवाब देता था और अपील भी दबा कर चुपचाप बैठ गया क्योंकि इसे मालूम था कि इसने जो भ्रष्टाचार किए हैं। उनकी सच्चाई सामने आ जाएगी। बेशक यह सच पूरे मध्यप्रदेश के सभी परियोजना क्रियान्वयन संभागों के हैं। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत कानून में ही व्यवस्था है की सूचना का अधिकार की अपील उसका वरिष्ठ अधिकारी ही सुन सकता है। इसके विपरीत परियोजना संचालक को भेजी गई अपील को उसने पुनः अतिरिक्त परियोजना संचालक को भेज दी वह हरामखोर उन अपीलों को को हजम कर कर बैठ गया।

अब जबकि पिछले 6 माह से यहां पर अधीक्षण यंत्री तिवारी को अतिरिक्त परियोजना अधिकारी बनाकर बैठाया गया है। यह भी अपनी मोटी कमाई के लिए लीड फेक्टर मे, स्वीकृत कार्यों जिसमें स्टेडियम, स्कूल, न्यायालय, छात्रावास, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, जिला स्वास्थ्य केंद्र, प्रयोगशालाओं आदि के भवनों की, डिजाइन बदलकर कम निर्माण करवाना स्वीकृत राशि से ज्यादा का भुगतान करना, समय विस्तार देना महंगाई का लाभ देना आदि के कार्यों में भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

परियोजना क्रियान्वयन इकाई में यदि इसके संभागीय परियोजना अधिकारी द्वारा किए गए सभी कार्यों की बारीकी से जांच की जाए तो 90% कार्यों में भारी भ्रष्टाचार सामने आएगा परंतु सब देखने और जानने के बावजूद यदि अतिरिक्त परियोजना संचालक परियोजना संचालक प्रधान सचिव जो भी कार्य के निरीक्षण के लिए आते हैं अपने हिस्से का धन बटोरकर चुपचाप सब कार्यों को अच्छा बता कर निकल लेते हैं जबकि यहां पर जितने भी अधिकारी ब गए हैं उनके इतिहास में कदम कदम पर मक्कारी, हरामखोरी और भ्रष्टाचार कूट कूट कर भरा हुआ था तो उनसे स्वाभाविक रूप से तो उनसे अच्छे कार्यों की उम्मीद करना निरर्थक है। धार संभाग में लंबे समय तक पदस्थ रहे रावत का अपना भ्रष्टाचार का लंबा चौड़ा इतिहास रहा है।पूर्व में अपनी लड़की के मेडिकल में प्रवेश के कारण व्यापम घोटाले में कई महीनों तक फरारी काट चुके हैं सागर से परियोजना क्रियान्वयन इकाई देवास में पदस्थ कर दिए गए हैं।

यही हाल इस विभाग के सेतु निर्माण का भी है यहां भी कोई भी पुल निर्धारित डिजाइन और डीपीआर मैं किए गए सामग्री उपयोग के विवरण व निर्धारित समय लागत की सीमा मैं कभी पूरा नहीं होता। इसी चक्कर में पूर्व के घोर धूर्त जलसाज और महाभ्रष्ट कार्यपालन यंत्री रा.ना. मिश्रा लोकायुक्त के चंगुल में फंस गए। उसके बाद में भी वहां के इंजीनियर, अधिकारी व कर्मचारी सुधरने और संभालने को तैयार नहीं। यहां पर भी सूचना का अधिकार में दिए जाने वाले आवेदनों का जवाब तो देते ही नहीं यहां तक कि उज्जैन संभाग में बैठे कार्यपालन यंत्री टेंटवाल जिसने कार्यपालन यंत्री केलकर से प्रभार लिया है और उसके पूर्व सुश्री खन्ना ने वहां सिहस्थ मैं लगभग रु 200 करोड़ के पुलों का निर्माण का कार्य किया था। इस में स्तरहीन और डिजाइन के विपरीत भारी भ्रष्टाचार किया गया। इसलिए वहां पर भी जानकारी देने से हर प्रकार से बचा जाता है। इसके विपरीत कार्यपालन यंत्री की अपील मध्य प्रदेश सेतु मंडल भोपाल में करने पर वहां बैठा अधीक्षण यंत्री जो इन सभी कार्यपालन यंत्रीयों से मोटा महीना वसूलता है।सदा ही पूरे मध्यप्रदेश भेजी गई अपीलों को एक मुश्त निरस्त कर देता है। साथ ही सूचना के अधिकार पर अधिनियम को लगे हुए 13 साल से ज्यादा का वक्त पूरा हो चुका है परंतु इस पूरे विभाग ने इस अधिनियम की धारा 4 को अभी तक पूरा नहीं किया जिसके अंतर्गत 17बिंदुओं की जानकारी को स्वमेव ही हर विभाग को अपनी विभाग की साइट पर उपलब्ध करवानी थी। करोड़ों रुपए हजम करने के बाद में भी अभी तक प्रधान सचिव, सचिव प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियंता से लेकर नीचे तक सभी संभागीय यंत्रियों ने भी कभी पूरी नहीं की जबकि श्री अजमेरा द्वारा लगाई हर अपील में इस बात का उल्लेख करके हर बार कहा गया की धारा 4 के अंतर्गत सारी जानकारियां विभाग क्यों नहीं अपनी विभागीय साइट पर डालता। ताकि सूचना के अधिकार में आवेदन देने की आवश्यकता ही ना पड़े। पर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव से लेकर प्रमुख अभियंता तक जानबूझकर न तो इसकी पूछताछ करते हैं, न हीं जानकारी डालते हैं क्योंकि सभी को डर है,कि जानकारी साइट पर डालने से वह सार्वजनिक हो जाएगी जिससे जनता का धन जो निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त हुआ है हजम करने में परेशानी उत्पन्न हो सकती है। मध्य प्रदेश की सेतु निर्माण के सभी संभागों का इतिहास रहा है कोई भी पुल पुलिया ना तो कभी डिजाइन व डीपीआर के हिसाब से बनाई है इसके साथ ही चित्र संभाग के सभी कार्य पर नियंत्रण का कार्यपालन यंत्रीयों का यह इतिहास रहा है की कोई भी पुल कभी भी निर्धारित लागत और समय में पूरा नहीं हुआ हर पुल में दुगना समय और दूगुनी लागत का सरकार द्वारा भुगतान और स्वीकृति दी गई जिस में भारी भ्रष्टाचार कर काफी मोटा धन कार्यपालन यंत्री यों से लेकर अधीक्षण यंत्री और मुख्य अभियंता ने डकारा यह सत्य सभी जानते हैं इसके विपरीत यहां पर अधिकांश पदस्थ किए जाने वाले इंजीनियर वही होते हैं जिनका भ्रष्टाचार का इतिहास होता है।

मप्र सड़क डकैती विकास निगम मैं बैठे 7 वर्ष से ज्यादा समय से संभागीय यंत्री बोरासी जो कि वर्तमान में इंदौर के साथ, उज्जैन और इंदौर के सभी 14 जिलों के महा प्रबंधक के पद को भी प्रभार के रूप में संभाल रहा है। हटाने को कहा था परंतु मोटा धन मिलने के बाद इस तरफ निगाह उठाना भी उचित नहीं समझा जबकि सड़क डकैती विकास निगम मैं बैठा का य बोरासी एक तरफ ठेकेदारों से महीना वसूली कर, कठपुतली बन नाच रहा है। क्योंकि उसे स्वयं अपने कार्य में दक्षता प्राप्त नहीं है। उज्जैन सड़क डकैती निगम का संभागीय प्रबंधक राकेश जैन जिसने भी के कार्यों मैं सड़क निर्माण पुल पुलिया निर्माण बाईपास निर्माण के साथ सड़क पर सेंट्रल लाइटिंग में करोड़ों रुपए का खेल किया यह संदेश सब को शेयर हिस्सा पहुंचाया वह भी पिछले 5 सालों से वहां पर कुंडली मारे बैठा हुआ है। चूंकि वरिष्ठ अधिकारियों की सिंहस्थ के दौरान भारी मोटी सेवा इनके द्वारा की गई थी इसलिए सभी उज्जैन संभाग की बीओटी टोल सड़कों में यह भी महीना लेकर किसी भी ठेकेदार से सड़कों के पुनर्नवीनीकरण के लिए कभी नहीं कहता और ठेकेदार वाहन चालकों से पूरी मुस्तैदी से वसूली कर स्तरहीन सड़कें उपलब्ध करवाता है यह हाल पूरे मध्यप्रदेश में हर ब्यूटी सड़क का है जहां पर कोई भी टोल सड़क पर टोल की शर्तो के अंतर्गत कार्य नहीं किया जा रहा है और सड़कें बर्बाद व स्तरहीन होने के बावजूद भी उनसे पूरी वसूल की जा रही है। यहां तक की किसी भी टोल नाके पर न एंबुलेंस उपलब्ध होती है न क्रेन न ही वहां के स्नानागार, शौचालय और मूत्रालय स्वच्छ होते हैं। ना ही वाहन चालकों को स्वच्छ पेयजल प्राप्त होता है। इसके विपरीत यह सारे हरामखोर डकैतों की फौज आंख मीच कर महीना हजम कर चुपचाप रहती है। जबकि निरीक्षण रिपोर्ट में हर तथ्य चुस्त-दुरुस्त दिखाया जाता है। इन दोनों संभागों का इंदौर मंडल का महाप्रबंधक बोरासी भी अपना हिस्सा डकार चुप रहता है। जबकि इन दोनों को तत्काल यहां से स्थानांतरित किया जाना चाहिए जिन्हें 5 साल से ज्यादा हो चुके हैं।

बीओटी ठहराव पत्र में यह शर्त की हर सड़क को 33% हिस्सा हर 3 साल में रिन्यू किया जाएगा अर्थात 3 साल में हर सड़क को पूरी तरह से नया बना दिया जाना चाहिए था पर कोई भी बीओटी ठेकेदार केवल टोल के ऊपर बढ़ती हुई रकम तो वसूल रहा है परंतु सड़कों के मेंटेनेंस के नाम पर केवल गड्ढे भरने का अलावा कुछ नहीं किया जा रहा है। इसमें भी यह पूर्ण सही निरीक्षण रिपोर्ट लगा रहा है यही हाल उसके वरिष्ठ अधिकारी से लेकर प्रबंध संचालक तक कर रहे हैं

मध्य प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री रामपाल सिंह अभी तो हाल फिलहाल अपनी बहू की आत्महत्या को लेकर उलझे हुए हैं। इसलिए इस पर टिप्पणी करना निरर्थक है। वैसे मंत्री रामपाल सिंह की नियुक्ति के बाद उन्होंने जो इंदौर में सभा की थी उस वक्त काफी कड़े तेवर दिखलाए थे।

साप्ताहिक
समय माया

इंदौर नगर निगम अपनी लूट के लिए उजाड़ रही वैध बस्तियां और कब्जे किए जा रहे नजूल, सरक

अवैध निर्माणों से मोटी कमाई, स्मार्ट सिटी के नाम भ्रष्टाचार से भी मोटी वसूली

पूरे देश और प्रदेश में स्मार्ट सिटी के नाम पर चारों तरफ हर जिले हर नगर में जिस तरह से बसी हुई पुरानी बस्तियों को उजाड़ा जा रहा है। वन विभाग की, नदी नालों के बहाव क्षेत्र पर कब्जा कर उसे मलबे से भर कर साथ ही अन्य सरकारी जमीनों पर नगर निगम पालिकाओं के कर्मचारी और अधिकारी किसी भी मद से किसी भी नाम पर जल्दी से सरकारी पैसे से निर्माण कर कब्जा कर रहे हैं। यह शायद न तो जिलाधीश कार्यालय में बैठे तहसील के पटवारी, तहसीलदार, सहायक व उपजिलाधिकारी से लेकर जिलाधिकारी तक को नजर नहीं आ रहा उस की आड़ में बड़े नेता मीडिया के भूमाफिया, जालसाज भूमाफिया, कालोनियां, बड़े-बड़े शॉपिंग मॉल, नर्सिंग होम्स, बड़े-बड़े शॉपिंग सेंटर का निर्माण कर वर्षों से चला रहे हैं. जिस में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के साथ मिलकर अकेले इंदौर में ही नदी नालों से सटे हुए भूभागों पर 5000 से ज्यादा पक्के निर्माण जिसमें बहुमंजिला इमारतों से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल नर्सिंग होम चल रहे हैं जो किसी को नहीं दिखते और जहां पर नगर निगम के कर्मचारियों अधिकारियों से लेकर पटवारी और तहसीलदार बरसों से वसूली करते हुए एक ही स्थान पर जमे हुए हैं. जिसमें राजकुमार हलदार तहसीलदार को बैठे हुए बरसो हो गए इंदौर में जबकि लगभग नदी नालों की 5000 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि पूरे शहर के नदी नालों और शासकीय भूमि पर वर्षों से मोटी कमाई करने में लगे हुए हैं जिसे ना तो राष्ट्रीय हरित ट्रिब्यूनल एनजीटी ने भी बरसों बाद भी आंख उठाकर नहीं देखा क्योंकि सबसे मोटा महीना मिल रहा है। यही कारण है कि नगर निगम पालिकाओं परिषदों, पंचायतों में बैठे सचिन पंच सरपंच, पार्षद महापौर से लेकर पटवारी तहसीलदार सहायक जिला अधिकारी जिलाधिकारी और जिला अधिकारी नगर गृह विकास विभाग, विकास प्राधिकरणों मैं बैठे अधिकांश कर्मचारी, नेता इन जमीनों की हेराफेरी करोड व अरबपति बन चुके है। लोकायुक्त आयकर विभाग और एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट इन नेताओं और कर्मचारियों सभी महीना मिलने के कारण कभी छापे मार कर अरबों करोड़ों की संपत्ति जप्त क्यों नहीं करता। पंचायत, परिषद निगम और पालिकाओं, प्राधिकरणों में यही कारण है कि चारों तरफ मची लूट के तांडव में सूचना के अधिकार में कोई जानकारी देना नहीं चाहता यहां तक कि इंदौर के निगम आयुक्त मनीष सिंह वल्द मोती सिंह यह वही मोती सिंह है जिन्होंने भोपाल की यूनियन कार्बाइड कांड में 6 दिसंबर 1984 को एंडरसन को अपनी जीप में बैठाकर भोपाल के हवाई अड्डे पर पहुंचा कर अमेरिका भगा दिया था और बदले में मोटी करोड़ों की धनराशि हजम कर गए थे इन्हीं के बेटे को इंदौर में बैठाकर पिछले कई सालों से तांडव करवाया जा रहा है. हर वर्ष कम से कम 100 से डेढ़ सौ करोड़ रुपए हजम किया जाता है. सूचना के अधिकार में जानकारी मांगने वालों को हाथ पैर तोड़ने की धमकी देता है और उन्हें ब्लैकमेलर बोलता है यह इसकी बदतमीजी का खुला प्रमाण इसके भ्रष्टाचार को सिद्ध करता है की है भ्रष्टाचारी महापौर मालिनी गौड, निगमायुक्त मनीष सिंह और निगम के 85 पार्षदों के साथ मिलकर किस प्रकार से चारों तरफ लूट का तांडव मचाए हुए हैं। वैध बस्तियों को स्मार्ट सिटी के नाम पर तोड़ने का तांडव पिछले कई सालों से चल रहा है जिसमें हजारों परिवारों को बेघरवार कर बिना मुआवजा दिए सड़कों पर छोड़ दिया जाता है और वहां नए निर्माण के नाम पर 5 से 20 गुना तक ज्यादा कीमतों पर स्तरहीन काम करवा कर मोटा धन महापौर निगम आयुक्त संबंधित पार्षद के साथ निगम इंजीनियर से लेकर बिल पास करने के वाले लेखाधिकारी से बाबू चपरासी तक सब की मुट्ठियां गर्म की जाती है. इसी तरह लूट का यह तांडव पिछले कई सालों से प्रदेश की हर नगर पालिका और निगमों में चलाया जाकर जन धन से लुटे गए धन को चुनाव जीतने के लिए खर्च किया जाता है। संपत्ति कर व अन्य सफाई कर विद्युत कर के नाम से जनता को लूटकर बनी बनाई सीमेंट की सड़कों का डामर की परतें चढ़ाई जाती कर जाकर मोटे बिलों की वसूली की जाती है जबकि इसके विपरीत कई मोहल्लों में बरसों से सड़कें बनी तक नहीं सफाई का तो दूर इंदौर के बाहरी इलाकों में की की कालोनियों में अभी तक स्ट्रीट लाइट तक नहीं लगाई गई है जब नगर के अंदर कई मोहल्लों में एक ही खंबे पर 4-4 एल इ डी लाइट लटका दिये गए हैं। शहर के विकास के नाम पर स्तरहीन सड़कों, पुलों का का निर्माण कार्य 4 से 5 गुना कीमतों पर अपने चहेते भाई भतीजे ठेकेदारों को देकर करवाया जा रहा है शहर के अधिकांश सड़कों और पुलों की वर्तमान स्थिति को देखकर यह स्वयं सत्यापित किया जा सकता है वही हाल प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत बनाए गए गरीबों के आवास जोक कई गुना कीमतों पर स्तरहीन तरीके से बनाए गए हैं जिनमें उजाड़े गए हमरे वासियों को आवंटित किया गया है मालूम पड़ता है कि नए बने इन मकानों का पलस्तर से लेकर दरवाजे खिड़कियां, ऊपर की छत नीचे का तल तक सब अस्तव्यस्त और उखड़े हुए पाए गए।

सफाई के नाम पर भी वास्तविकता में जितने कर्मियों का भुगतान किया जा रहा है वास्तविकता में उसके 40% कर्मचारी ही जो की अधिकांश किसी न किसी नेता के चेले यह पट्ठे हैं । आराम से केवल हस्ताक्षर कर सालों से वेतन ले रहे हैं और सफाई के वास्तविक मजदूर जो 15 से 20-30 से ज्यादा वर्षों से सफाई कार्य कर रहे हैं वही वास्तविकता में सफाई कर रहे हैं उन्हें शासन के नियमानुसार ना केवल नियमित ही नहीं किया गया वरन् उन्हें आज भी कलेक्टर मजदूरी भुगतान दरें से कम पर भुगतान किया जा कर उनका घोर शोषण किया जा रहा है। जो कि 275 प्रतिदिन है उन्हें आज भी ठेकेदार मात्र रुपए 5000 से 6,000 ही मासिक मजदूरी का भुगतान करता है बाकी का धन नेता उसके पट्ठे, महापौर, निगमायुक्त, पार्षदों से लेकर लेखापाल और बाबू ही डकार जाते हैं। यह खेल भी नगरों की नगर परिषद से लेकर पालिकाओं और निगमों में पिछले 60 साल से निरंतर चल रहा है इसी से मोटी कमाई निगम में बैठे कर्मचारी अधिकारी पार्षद महापौर सभी करते आ रहे हैं. इसलिए कोई कुछ भी नहीं बोलता इन हरामखोर पालिकाओं परिषदों और निगमों में चुने हुए नेता और कर्मचारी अधिकारी यहीं से करोड़पति अरबपति बने हुए बैठे हैं। सफाई के नाम पर लूटपाट और भ्रष्टाचार का यह खेल अधिकांश पार्षदों महापौरों से लेकर सफाई ठेकेदार वह सुपरवाइजर तक सब के लिए 40 से ज्यादा वर्षों से मोटी कमाई का साधन रहा है।

12 वर्ष पूर्व सन 2006 में प्रोजेक्ट उदय के नाम से लगभग रुपए 800 करोड़ से ज्यादा का लोन एशियन विकास बैंक से लिया गया था जिसमें 600 नर्मदा के तृतीय चरण के लिए और रु 200 करोड़ मैं से लगभग रुपए सवा सौ करोड़ का 70 80 से ज्यादा लोडिंग ट्रक, 5000 साइकिल रिक्शा रु 25000 में प्लास्टिक की 8 बाल्टियों के साथ गली मोहल्ले से कचरा इकट्ठा करने के लिए, 10 से ज्यादा गाड़ियां सक्सन मशीनों के साथखरीदी गई थी जो बरसों तक मूसाखेड़ी के मैदान में बिना उपयोग के धूल खाती रही बाद में अचानक धीरे धीरे कर सारा सामान गायब हो गया उस खरीदी में भी 10 से 15 परसेंट और किसी सामान में 20% तक मोटा कमीशन खाया गया और लगभग बंदरबांट में 50 करोड रुपए बंटने के के बाद भी वह सारा सामान कहां उपयोग किया गया आज तक कोई अता-पता नहीं और सूचना का अधिकार में जानकारी मांगने पर निगम के हर विभाग में घोर बदतमीजी या कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा की जाती हैं। अपीलों की सुनवाई के नाम पर मुसाखेड़ी से अप्पर आयुक्त नगर निगम मैं चक्कर काटती रहती हैं और अंत में 3-4महीने बाद किसी दिन भुला कर बदतमीजी के साथ उल्टे सीधे सवाल कर अपील रद्द कर दी जाती हैं। मोदी के स्वच्छता अभियान के नाम पर पूरे देश और प्रदेश के हर नगर निगम,नगर पालिका परिषद मैं हूं कम से कम अपने प्रिय पूंजीपति मित्र टाटा की लगभग एक लाख से ज्यादा मिनी ट्रक कचरा ढोने के लिए खरीदे गए जिसमें 10 से 15 प्रतिशत तक कमीशन प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर नीचे पालिकाओं और पंचायत तक बंदरबांट में हजारों करोड़ में बांटा गया। यथार्थ में यहां से एक नई कहानी की शुरुआत होती है उन मिनी ट्रकों पर ड्राइवर से कंडक्टर और चार से पांच सफाई कर्मियों की नियुक्ति भी होती है इन नियुक्तियों में भारी भ्रष्टाचार होने के साथ ही सारी नियुक्तियां दैनिक वेतन भोगियों के हिसाब से भुगतान किया जाता है जिसमें अधिकांश कर्मचारी 12 से 15 घंटे काम करते हैं यहां भी प्रतिदिन 8 घंटे कि 275/- के साथ प्रतिदिन 4 घंटे ओवरटाइम की दोगुनी मजदूरी भुगतान किया जाना चाहिए साथ ही शुरुआत में दिन भर में हर 2 घंटे में सुबह 6:00 से रात में 12:00 बजे तक चक्कर लगता था वह घटते -घटते 9 से 5 और 3:00 पर आ गया अर्थात दिन भर के कि हर घड़ी के हर मोहल्ले में 5 गाड़ियों के हिसाब से प्रतिदिन हर गाड़ी पर 20 लिटर डीजल के पैसे मैं से जो 700 गाड़ियों पर 1400 लिटर, यही हाल इन गाड़ियों पर निगरानी रखने के लिए खरीदी गई सौ ज्यादा पीली जीपे इन पर लगभग 1000 लीटर प्रतिदिन, 200 से ज्यादा बड़े ट्रकों पर 30 लीटर प्रतिदिन, निगम की गाड़ियों के नाम पर औसतन 10000 लीटर डीजल की न्यूनतम की बंदरबांट जो कि लगभग 700000 प्रतिदिन डकारने में जाता है इसके साथ ही गाड़ियों के रखरखाव टूट-फूट के नाम पर भी भारी बंदरबांट निगम के वर्क शॉप से लेकर निधि चाहते गरीबों को भी लाखों रुपए का भुगतान किया जाता है जब तक इंदौर में नंबर वन के नाम पर जो निरीक्षण टीम दिल्ली से आनी थी। उसके नाम पर फरवरी के अंतिम सप्ताह में इंदौर में साफ सफाई की व्यवस्था का पाखंड किया गया और उस पर करोड़ों रुपए जनधन के बर्बाद किए गए । उस उस दिल्ली के निरीक्षण टीम के दौरे के बाद 1,2, 3 और 4 मार्च को उंगली ट्रकों का एक भी फेरा कई मोहल्लों में नहीं लगा अर्थात पेट्रोल डीजल का जो इस खर्च का लगभग दोगुना था। पूरा ही नेताओं कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा हजम कर दिया गया। इस स्वच्छता की कहानी का दूसरा रूप देखने में और भी भयावह है। केंद्र सरकार ने इश्क खरीदी के घाटे को पूरा करने के लिए हर सेवा पर 2:00 पर्सेंट सेवा उपकर पेट्रोल डीजल इंडेन गैस के साथ हर सेवा पर जीएसटी की तरह और साथ बिजली बिल टेलीफोन बिल रेलवे टिकट इंश्योरेंस प्रीमियम आदि में भी जोड़कर लाखों करोड़ रुपए की वसूली के रास्ते खोल दिए अब यही खेल स्वच्छता के नाम पर राज्य सरकारों ने खेला और उसने भी वसूली के स्वच्छता के नाम पर मै नए हथकंडे अपनाए इसमें राज्य सरकार ने अपनी वसूली के लिए शासकी शासकीय कार्यों के बिलों के भुगतान में अधिशेष जोड़ने के साथ निगमों पालिका और पंचायतों में भी अपनी वसूली के लिए आमजन पर नए कर दिए कहानी यह खत्म नहीं हुई। क्षेत्रीय सफाई ठेकेदार जो ट्रकों के साथ चलते हैं उन्होंने भी अपनी वसूली प्रति घर 60/-और प्रति दुकान छोटी सी रु 200 प्रतिमाह के साथ होटल, रेस्टोरेंट, बड़े व्यवसायिक संस्थानों संस्थानों स्कूलों-कॉलेजों, नर्सिंग होम हॉस्पिटल वर्कशॉप गैरेज आदि से मनमर्जी से हजारों रुपए प्रतिमाह सफाई के नाम लूट की जा रही है। अर्थात सफाई के नाम देश की जनता की चार तरफ से जेब साफ की जा रही हैं, और सफाई मोटी कमाई का साधन पंचायतों परिषदों निगमों से लेकर मंत्रियों मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्री कार्यालय के लिए अरबो करोड़ की कमाई का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष साधन बन चुका है।

यही तरीका जनता को निचोड़ने का स्मार्ट सिटी के नाम पर भी केंद्र व राज्य शासन के लूट की कमाई के पाखंड का हिस्सा है । या इन सभी को लूट और भ्रष्टाचार का नया हथियार मिल गया है जिसमें केंद्र और राज्य का मोटा धन प्राप्त हो रहा है यहां तक की बड़ी योजनाओं को पूरा करने के लिए विश्व बैंक और एशियन विकास बैंक से कर्जा भी लिया जा रहा है इंदौर में ही जल निकासी के लिए नालियों और बड़े नालों का निर्माण के नाम पर सन 2000 से 2017 तक लगभग ?3000 करोड़ की बंदरबांट कर ली गई परंतु शहर में आज भी जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है यही हाल इंदौर में बने बीआरटीएस का भी था जिसमें लगभग रुपए 13 सौ करोड़ का भारी भरकम खर्च निगम और विकास प्राधिकरण ने किया जिसमें विवेक अग्रवाल से लेकर वर्तमान तक बैठे सभी जिलाधीशों, संभागायुक्त, निगमायुक्त महापौरों पार्षदों ने मोटी बंदरबांट की और इस तेरह सौ करोड़ में से निर्माणकर्ता कंपनी के साथ मिलकर लगभग 700 करोड़ डकार लिया गया। निसंदेह यह पैसा मीडिया के नगर के बड़े डकैतों को विज्ञापन के नाम बांटा गया इसलिए सब जानकर भी किसी ने कुछ नहीं छापा। जबकि 11 किलोमीटर सड़क पर रुपए 13 सौ करोड़ में सोने की परत बिछाई जा सकती थी. यह इंदौर की भ्रष्टाचार की विकास शैली पूरे देश और प्रदेश के हर जिले और नगर की कहानी का नमूना है। यही कारण है की गांव के पंच सरपंच से लेकर नगरों के पार्षदों और महापौर बनने के लिए व चुनाव जीतने के लिए साधारण सा नेता भी करोड़ों में खर्च करता है आखिर आयकर लोकायुक्त से लेकर सभी अन्य जांच एजेंसियां इन सब की घरों पर छापे मार कर इस अवैध धन को क्यों नहीं पकड़ती क्योंकि सत्ताधीशों को अगले चुनाव में चुनाव खर्च के लिए इन्हीं का सहारा होता है और सरकारी जांच एजेंसियों के कर्मचारी अधिकारी निरीक्षक सबसे महीना पाकर अपने को अहोभाग्य समझते हैं पूरे देश में मोदी सरकार नहीं जनता को लूट कर जो स्मार्ट सिटी की चकाचोंध बिखेरकर वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटा उलझाया है निसंदेह आम गरीब आदमी से लेकर मध्यम वर्गीय और बड़े पूंजीपति तक सब भ्रमित हुए हैं अब मोदी रूपी डकैत की कहीं ना कहीं उसे शक करने से भी नहीं चूकते. जबकि अकेले सफाई और स्वच्छ भारत के नाम पर आम आदमी को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हर तरह से लूटा जा रहा है जिसमें महापौर निगमायुक्त से लेकर सड़क के सफाई कर्मी कचरा ढोने वाले वाहनों के सफाई कर्मी चरक तक सब हम गरीब आदमी को

...कारी नदी-नालों की जमीनों पर

लूटने और वसूली करने में लगे हैं. अकेले इंदौर में ही हर वर्ष रुपए 300 करोड़ से ज्यादा केवल सड़कों पर नवीनीकरण मरम्मत के नाम पर हजम कर लिया जाता है और बनी बनाई सीमेंट की सड़कों पर अनावश्यक रूप से डामर बिछा गिट्टी की बारीक चूरी की परत बिछाकर सड़कों को बर्बाद करने के साथ मोटे बिलों की वसूली कर ली जाती है. अभी कुछ वर्षो से सड़क सुधारने सीमेंट की सड़के बनाने के नाम पर जनता से भी भारी वसूली की जाती थी पूरे देश और प्रदेश के हर जिले और नगर में पिछले कुछ वर्षों से जल निकासी की नालियां बनाने के लिए उन सीमेंट की सड़कों को वापस खुदा और स्तरहीन पाइप लाइनों का जाल बिछाया जा रहा है जिसमें निगमों और पालिकाओं में बैठे भ्रष्ट, जालसाज, घोर निकम्मे वहां के उपयंत्री सहायक यंत्री कार्यपालन यंत्री अधीक्षण यंत्री तक किसी को कार्य को पूर्ण वैज्ञानिक तरीके से करवाने की तो दूर देखने की भी फुर्सत नहीं जिसको जो मन में आ रहा है वह नेता का पट्ठा ठेकेदार अपनी मनमर्जी से करता चला जा कर आराम से मोटी बिलोकि वसूली कर रहा है जिसमें सबका कमीशन होता है. प्रदेश के सभी संभाग मुख्यालयों जिला मुख्यालयों में किए गए सभी प्रकार के सड़क निर्माण भवन निर्माण पुल पुलिया निर्माण सरकारी निगमों के बड़े बहुमंजिला भवनों के निर्माण बाजारों के निर्माण आदि में किस प्रकार से लूट मची है उसको कोई देखने समझ नहीं और उसी गुणवत्ता पर ध्यान देने की मोटे कमीशन के चलते फुर्सत नहीं आखिर क्यों नहीं सभी नगर परिषद पालिकाएं और निगम सूचना के अधिकार की धारा 4 के अंतर्गत हर निर्माण कार्य से संबंधित कर्मचारियों अधिकारियों से संबंधित, धन प्राप्ति और उसके खर्च और निवेश की जानकारी अपनी विभागीय वेबसाइट पर डालते और आय-व्यय का ठोस व पक्का वार्षिक लेखा जोखा व तलपट व चिट्ठा प्रदर्शित व प्रकाशित करते हैं. क्योंकि सारे गिद्ध हरामखोर पार्षद महापौर निगमायुक्त नगर यंत्री अधिकारी नेता भ्रष्टाचार से मोटी कमाई कर रहे हैं इसलिए इंदौर का मनीष सिंह सूचना के अधिकार में जानकारी मांगने पर आवेदक को हाथ पैर तोड़ने की धमकी देता है ब्लैकमेलर कहता है क्योंकि सारे ब्लैक कर्मों से कमाई करने में लगे हुए हैं इसलिए हर जानकारी मांगने वाला इन शूकरों की फौज को ब्लैकमेलर ही दिखता है। निसंदेह सूचना के अधिकार में जानकारी मांगने वाला आवेदक, ऐसे भ्रष्टों की फौज का जानकारी मांग कर रातों की नींद और दिन का चैन चुरा लेता है इससे ये सब डकैतों का गिरोह भारी हैरान परेशान हो उठता है.

निसंदेह स्मार्ट सिटी के नाम पर पूरे देश में और प्रदेश में बैठे बड़े बड़े मोटे ठेकेदारों जो कि बड़े नेताओं मंत्रियों के रिश्तेदार जो बड़ी ठेकेदारी कंपनियां चला रहे हैं या उनकी सीमेंट फैक्ट्रीयां है. या बड़ी योजनाओं, सड़कों पुलों के निर्माण में अरबों रुपए के ठेके देकर आसानी से 20- 25 परसेंट का मोटा कमीशन लेकर अपनी अगले चुनाव की तैयारी के लिए व अन्य कार्यों के लिए धन इकट्ठा करते हैं जैसे कि मुख्यमंत्री शिवराज की की पत्नी साधना सिंह के रिश्तेदार जो कि ठेकेदार भी है, दिलीप सूर्यवंशी जिसने शिवराज के रहते पिछले 12 सालों में ही हजारों करोड़ की संपत्ति इकट्ठी की, वैसे ही इंदौर के पी डी अग्रवाल व अन्य, कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो जैसी कंपनियों के साथ ही बड़े निर्माण कार्यों में चीनी कंपनियों का भी देश और प्रदेश में बड़े ठेके दिए जा रहे हैं और उनसे मोटा कमीशन वसूला जा रहा है एक तरफ सरकार जनता से चीनी माल उपयोग न करने के लिए कहती है. वहीं दूसरी तरफ बड़े-बड़े अधिकांश ठेके चीनी कंपनियों को दिए जा रहे हैं यहां तक की देश व प्रदेश में लाखों करोड़ की चीनी लाइटों का उपयोग स्वंय निगमों पालिकाओं मे सस्ती और स्तरहीन स्ट्रीट लाइट के रूप में पूरे प्रदेश में धड़ल्ले से किया जा कर हजारों करोड हजम किया जा रहा है. जबकि बिल सारे स्टैंडर्ड कंपनियों के लगा कर मोटा धन कमीशन के रूप में डकारा जा रहा है इस प्रकार से सरकार की स्मार्ट सिटी योजनाएं मोटी कमाई के साधन और गरीबों के लिए कहर बन कर सभी नेताओं के लिए लूटपाट का और भ्रष्टाचार से कमाई का स्त्रोत बन चुकी है जो कि चुनाव के साथ जनता को करोड़ों रुपए के भंडारे करवाकर कर साड़ी पायलें बांटकर और पुरुषों को चकाचक शराब का नशा करवा कर वोट कबाडने में काम के साथ चुनाव जीतने चुनाव जीतने और सत्ता हथियाने का जरिया बन जाती है. जबकि गिद्धों का यह गिरोह प्रदेश में पिछले 14 वर्षों से और देश में पिछले 4 वर्षों से जो लूटपाट का तांडव मचा रहा है उस पर कोई सरकारी एजेंसी कार्यवाही नहीं करती क्योंकि वह सत्ताधीश गिद्ध है इनका काम केवल जनता को नोचना और अपनी मौज मस्ती में जिंदगी गुजारना है गरीब का जन्म तो रो-रो कर मरने के लिए ही हुआ है यथार्थ में यह लोकतंत्र नहीं लूट तंत्र है।चाहे वह स्मार्ट सिटी के नाम लूटा जाए, स्वच्छता के नाम, अच्छे दिनों के नाम देश के नाम लूटा जाए उसे दो वक्त का भोजन मिले ना मिले पर सरकार को सरकार में बैठे गिद्ध नेताओं मंत्रियों अधिकारियों कर्मचारियों की जेबों में धन अवश्य बरसते रहना चाहिए. उनके लिए कोई कानून नहीं कानून तो केवल आम आदमी के लिए होता है सत्ताधीशों ने तो स्वयं ही कानून बनाए हैं इसलिए कानून उन पर कैसे लागू हो सकता है.

प्रदेश का हजारों किसान कर्ज सेआत्महत्या कर रहा है दूसरी तरफ सरकार पुरस्कार ले रही है

मंत्री, प्रधान सचिव, संचालक से लेकर सभी कृषि अधिकारी डकैतों का गिरोह

ग्रामीण वोटों के लिए केंद्र व राज्य सरकार के कृषि के भारी बजट 18-19 का छलावा

